# AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in


No. F. /Estt./ARSS/K/2025/416-22

Dated: 13/02/2025

## सीमित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है (जो कि ट्रेक्टर थ्रेसर धारक हो) कि कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर की फार्म फसलों सरसों, चना, मसूर, जौ व गेहूँ की थ्रेसिंग का कार्य ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति दिनांक 22.02.2025 सुबह 11.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसी दिन 12.00 बजे तक जमा करा दें, निविदाऐं समिति द्वारा उसी दिन दोपहर 02.00 बजे बाद खोली जायेगी । थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिकों की पूर्ति हिस्सेदार द्वारा की जावेगी। थ्रेसिंग सम्बन्धी सभी शर्तें निविदा प्रपत्र में दर्शायी गई है व निविदा शुल्क 200/– एवं निविदा धरोहर राशि 5000 रुपये जमा करानी होगी। निविदा को बिना कारण बताये व उचित दर नही मिलने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

**शर्तें:–**

1. बोली लगाने से पूर्व धरोहर राशि 5000/– नकद जमा करानी होगी, जो कि सम्पूर्ण कार्य के निष्पादन के उपरान्त वापिस कर दी जावेगी, जिस पर कोई भी ब्याज देय नही होगी।
2. धरोहर राशि जमा कराते समय रजिस्ट्रेशन शुल्क 200/– रुपये नकद देने होंगे, जो कि वापस देय नही होंगे।
3. निविदा प्रपत्र जमा कराते समय स्वयं का आधार कार्ड व पेन कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
4. निविदा शर्तों की सहमति हेतु रुपये 100 का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

प्रभारी अधिकारी
Officer Incharge
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान वित नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
3. श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां–अलवर
4. श्रीमान अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर को निवेदन है कि समिति सदस्यों को भेजकर कार्य सम्पन्न कराने का श्रम करावें।
5. श्रीमान प्रभारी सिमका से निवेदन है कि उक्त निविदा में विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रकाशित करने की कृपा करें।
6. कमेटी कनवीनर/सदस्य, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर
7. नोटिस बोर्ड पंचायत समिति/तहसील कार्यालय/कय विकय सहकारी समिति कुम्हेर
8. नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत बैलाराकलॉ/धनवाडा कुम्हेर
9. नोटिस बोर्ड ARSS, KVK, COA कुम्हेर
10. श्रीमान फार्म प्रभारी/फार्म प्रबंधक, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र,कुम्हेर
11. रक्षित फाइल।

प्रभारी अधिकारी
Officer Incharge
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)

# कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर
(एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) )

निविदा प्रपत्र

दिनांक. 13/02/25

1. निविदा संदर्भ : No. F. /Estt./ARSS/K/2025/416-22 Dated: 13/02/25
2. कार्य विवरण : विभिन्न फसलों सरसों, चना, मसूर, जौ व गेंहूँ की ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग का कार्य।
3. निविदा प्राप्त करने का समय व दिनांक : 22.02.2025 सुबह 11.00 बजे तक।
4. निविदा जमा कराने का दिनांक : 22.02.2025 दोपहर 12.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का दिनांक : 22.02.2025 दोपहर बाद।

**निविदा की शर्तें:**

1. प्रस्तावित निविदा सीलबन्द लिफाफे में श्रीमान प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर को प्रेषित करनी होगी।
2. निविदादाता द्वारा प्रस्तावित दर स्पष्ट अंको व शब्दों में लिखकर देनी होगी। किसी प्रकार की काट–छांट होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. थ्रेसिंग के ठेकेदार को अपना स्वयं का ट्रेक्टर थ्रेसर मय डीजल लाना होगा।
4. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी फसल का दाना टूटना नहीं चाहियें, दाने में कचरा, मिटटी न हो व भूसा में भी दाना नहीं जाना चाहिये इन सभी कार्यो से फार्म प्रबन्धक/प्रभारी अधिकारी के सन्तुष्ट होने के बाद ही कार्य कराया जायेगा अन्यथा दूसरा थ्रेसर उपलब्ध कराना होगा।
5. थ्रेसिंग का कार्य सुबह 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक ही करना होगा।
6. थ्रेसिंग से पहले थ्रेसिंग मशीन को भली भांति साफ करना होगा।
7. थ्रेसिंग के बाद शाम को थ्रेसर खाली व साफ करके जाना होगा।
8. थ्रेसिंग के दौरान वाहन चालक को ट्रेक्टर थ्रेसर के पास ही रहना होगा।
9. आवश्यकता पडने पर डिमान्ड के अनुसार एक से अधिक थ्रेसर उपलब्ध कराने होंगे।
10. थ्रेसिंग का कार्य फार्म प्रबन्धक/फार्म प्रभारी की देखरेख में ही करना होगा।
11. थ्रेसिंग हेतु ट्रेक्टर थ्रेसर निर्धारित समय पर लाना होगा, यदि ट्रेक्टर थ्रेसर किसी भी कारणवश निर्धारित समय पर नही पहुँची और बटाई ठेकेदार के श्रमिक बैठे रहते हैं तो उसकी भरपाई थ्रेसिंग ठेकेदार को करनी होगी।
12. समस्त फसलों की थ्रेसिंग में ट्रेक्टर मय डीजल व वाहन चालक सहित ठेकेदार को उपलब्ध कराना होगा व थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिक बटाई ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।
13. थ्रेसिंग के बाद बोरियां भरकर, तोलकर, गोदाम में धांग लगाने का कार्य बटाई ठेकेदार द्वारा किया जायेगा व तुलाई के समय एक प्रतिशत दाना नमी व छीजत का अधिक देना होगा।
14. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी श्रमिक/मशीनरी की क्षति का जिम्मेदार स्वयं ठेकेदार होगा।

**Officer Incharge**
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)

ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग की प्रस्तावित दरो का विवरण

| क.सं. | नाम फसल | दर रुपये प्रति क्विंटल |
|---|---|---|
| 1. | सरसों | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 2. | चना / मसूर | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 3. | गेंहॅ / जौ | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |

उक्त सभी शर्ते मैने ध्यान पूर्वक पढ ली है व इन सभी शर्तो के तहत मेरे द्वारा प्रस्तावित दरो पर मैं कार्य करने को सहमत हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम पताः–
मोबइल.नं.–

**Officer Incharge**
**Agril. Res. Sub. Station**
**Kumher (Bharatpur)**